न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, नोहर (हनुमानगढ़)

(पीठासीन अधिकारी गुंजन सोनी आर.ए.एस.)

2/1

अपील सं0 08/2017

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व रावतसर तहसील रावतसर।

– अपीलांट

बनाम्

1. नोरा देवी पत्नी खेताराम जाति जाट निवासी धान्धुसर तहसील रावतसर।

–रेस्पोडेंट

अपील विरूद्ध आदेश तहसीलदार रावतसर दिनांक 02.03.1994 के नामान्तरण स0 481 व आदेश दिनांक 27.05.1994 के नामान्तरण स0 490 रोही मौजा मोटेर व धान्धुसर

उपस्थितः– राजकीय अधिवक्ता, अपीलांट

निर्णय **दिनांकः– 19.03.2021**

अपील के तथ्य संक्षेप में निम्न प्रकार से हैः–

1. यह कि तहसीलदार रावतसर द्वारा वाके रोही मौजा धान्धुसर की आराजी राज सिवाय चक भूमि खसरा नंबर 586 मीन 40 बीघा बारानी व ख.न. 586 मीन 40 बीघा बारानी भूमि आराजी राज सिवाय चक भूमि को विधि विरूद्ध तहरी से पहले रेस्पो. के नाम से गैरखातेदारी दर्ज करने का आदेश दिया गया और फिर दो माह बाद में खातेदारी दर्ज करने का आदेश दिया गया जो काबिल खारीज के है तथा तहसीलदार रावतसर को ऐसे आदेश देना का कोई भी किसी प्रकार से कानूनी अधिकार नही है।
2. यह कि तहसीलदार रावतसर को आराजी राज भूमि को बिना किसी सक्षम न्यायालय के आदेश में रेस्पों. के नाम से गैरखातेदारी दर्ज करने व ना ही खातेदारी दर्ज करने के अधिकार है। ऐसा कर तत्कालिन तहसीलदार रावतसर द्वारा अपने पद का दुरूप्योग कर राजकीय भूमि को रेस्पो. के नाम से दर्ज कर नुकसान पंहुचाया है जो काबिल खारीज के है।
3. यह कि उक्त तहसीलदार के आदेशों व इंतकाल का ज्ञान जिलाधीश हनुमानगढ द्वारा अपने पत्र क्रमांक 16/4400 दिनांक 21.09.2016 के प्राप्त होने पर हुआ इसके बाद नकलें आदि प्राप्त कर राजकीय अधिवक्ता से सम्पर्क कर अपील ज्ञान से अन्दर मियाद पेश की जा रही है तथा प्रार्थना पत्र दफा 5 मियाद अधिनियम व शपथपत्र अपील के साथ सलंग्न अपील है।

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नोहर (हनुमानगढ़)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अतः अपील प्रस्तुत कर निवेदन है कि अपीलाधीन इंतकाल निरस्त कर भूमि आराजीराज दर्ज करने के आदेश फरमावें।

2/2

अपील प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर कर रेस्पोडेन्ट एवं रिकार्ड की तलबी की गई। रिकार्ड प्राप्त हुआ। रेस्पोडेन्ट को जरिये रजिस्टर्ड नोटिस तलब किया गया फिर भी उपस्थित नही बार बार आवाज लगाई गई परन्तु कोई हाजिर नहीं अतः रेस्पो0 के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाती है। बहस अधिवक्ता अपीलांट सुनी गई।

वकील अपीलांट ने अपनी बहस में अपील मीमों के तथ्यों को दोहराते हुए निवेदन किया कि रोही मौजा धान्धुसर की आराजी राज सिवाय चक भूमि खसरा नंबर 586 मीन 40 बीघा खसरा नंबर 586 मीन 40 बीघा बारानी भूमि सिवाय चक आराजी राज दर्ज थी। जिसको बिना किसी आदेश के रेस्पो. के नाम से गैरखातेदारी दर्ज कर दी गई उसके दो माह पश्चात ही बिना आदेश के खातेदारी दर्ज कर दी जबकि ना तो भूमि रेस्पो. को सक्षम अधिकारी द्वारा आवंटन की गई ना ही कोई खातेदारी के आदेश दिए गए। समस्त कार्यवाही गलत रूप से विधि विरूद्ध करते हुए रेस्पो. को प्रश्नगत भूमि पर खातेदारी अधिकार दे दिए। अतः अपील अपीलांट स्वीकार कर इंतकाल संख्या 481 व 490 रोही मौजा धांन्धुसर खारिज कर पुनः भूमि आराजी राज दर्ज करने के आदेश फरमावें।

हमने बहस सूनी पत्रावली व रिकार्ड का अवलोकन किया। प्रस्तुत इंतकाल संख्या 481 व 490 का अवलोकन किया। इंतकाल संख्या 481 व 490 में रेस्पो. के नाम से उक्त प्रश्नगत भूमि गैर खातेदारी दर्ज की गई है कैफियत में आदेश चस्पा का अंकन है लेकिन इंतकाल के साथ किसी प्रकार का आदेश चस्पा नही है ना ही कोई आवंटन आदेश है तथा रेस्पो. ने भी कोई आवंटन आदेश पेश नही किया। मात्र 2 माह पश्चात ही खातेदारी का इंतकाल दर्ज कर दिया गया जबकि खातेदारी का किसी प्रकार का आदेश ना तो इंतकाल के साथ है ना ही रेस्पो. ने कोई आदेश पेश किया।

उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट होता है कि प्रश्नगत भूमि रेस्पो. को कभी आवंटन ही नही हुई ना ही कभी कोई खातेदारी देने के आदेश जारी हुए। उक्त सारी कार्यवाही बिना किसी आदेश के की गई है। अतः अपील अपीलांट स्वीकार की जाकर इंतकाल संख्या 481 व 490 रोही मौजा मोटेर व धान्धुसर खारिज किया जाता है।

अधीनस्थ न्यायालय का अभिलेख मय निर्णय प्रति लौटाया जावे। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर बाद तरतीब तकमील जाब्ता दफ्तर दाखिल हो।

निर्णय मेरे द्वारा लिखाया जाकर आज दिनांक 19.03.2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(डॉ. गुंजन सोनी)
अतिरिक्त जिला कलक्टर
नोहर(हनुमानगढ़)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नोहर (हनुमानगढ़)